हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च 2026
[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 उत्साह के साथ मनाया गया नव संवत्सर, चैत्र नवरात्रि...



07 मरीज बेहाल, डॉक्टर से लेकर नर्स तक...



## खबर संक्षेप

### गंगा दशहरा पर मां वैत्रवती गंगा महात्म्य कथा का आयोजन

**विदिशा।** इस वर्ष गंगा दशहरा के अवसर पर पहली बार मां वैत्रवती गंगा महात्म्य कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। मां वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में 23 से 26 मई तक चार दिवसीय महोत्सव आयोजित होगा। समिति द्वारा वर्ष 2009 से निरंतर गंगा आरती के माध्यम से जनजागरण का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 23, 24 और 25 मई को पंडित रवि कृष्ण शास्त्री द्वारा संगीतमयी कथा का वाचन किया जाएगा। प्रथम दिन भव्य शोभायात्रा बडबाला घाट तक निकाली जाएगी। 26 मई को गंगा दशहरा पर पंचकोसी परिक्रमा, दुग्ध अभिषेक, महा गंगा आरती, संत सम्मेलन एवं भजन संध्या का आयोजन होगा।

### हर्षोल्लास से मनाई गई महर्षि गौतम की जयंती

**विदिशा।** नव विक्रम संवत के प्रथम दिवस माधवगंज स्थित राधा बल्लभ मंदिर (अग्रवाल ट्रस्ट) में न्यायशास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गुजरगोड़ ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा एवं वरिष्ठ सदस्य भगवती प्रसाद शास्त्री द्वारा माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ किया गया। वक्ताओं ने महर्षि गौतम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया तथा समाज के विस्तार और सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### चुनरी यात्रा को लेकर बैठक में रूपरेखा तय

**विदिशा।** किरी मोहल्ला स्थित रघुनाथ मंदिर में चुनरी यात्रा को लेकर बैठक आयोजित हुई। संस्थापक चेतन जिझौतिया ने बताया कि यात्रा के पांच वर्ष पूर्ण होने पर इस बार आयोजन हर्षोल्लास से किया जाएगा। बैठक में राखी यादव को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जो यात्रा की रूपरेखा तैयार करेंगी। यात्रा मंगलवार सुबह 9:30 बजे मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए देवी बाग पहुंचेगी। इसमें डीजे, ढोल, घोड़े एवं 151 मीटर लंबी माता रानी की चुनरी आकर्षण का केंद्र रहेगी। बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता की अपील की गई।

### धानुक समाज से निकाली शोभायात्रा



**विदिशा।** गुरुवार को धानुक समाज द्वारा गुरु धनक मुनि महाराज की भव्य शोभा यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यह यात्रा कांच मंदिर से प्रारंभ होकर शनि मंदिर धाम तक पहुंची। सुबह 11 बजे शुरू हुई। इस धार्मिक आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा शामिल हुए। यात्रा में भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और आकर्षक झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने मार्ग में जगह-जगह स्वागत कर पुष्पवर्षा की। आयोजन में सामाजिक एकता और परंपरा का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

### आज मनाई जाएगी भगवान झूलेलाल जयंती

**विदिशा।** आज चेटीचंड्र पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें आरती, भंडारा व शोभायात्रा आयोजित होगी। गुरुवार को पुरोहित पंडित राकेश शर्मा ने भगवान झूलेलाल के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अविभाजित भारत के सिंध में मिर्ख बादशाह और उसके वजीर अहियो द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे थे। तब विक्रम संवत 1007 के चैत्र शुक्ल पक्ष में नसरपुर में रतनराय व देवकी के घर जल देवता वरुण के अवतार के रूप में भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ।

## नीम-मिश्री खिलाकर मनाया सनातन नववर्ष, मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही पूरे जिले में भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

पहले ही दिन शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह आरती के साथ ही दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। माधवगंज पर भी कार्यक्रम आयोजित कर हिंदू नव वर्ष पर तिलक लगाकर नीम और मिश्रा का वितरण किया गया।



**विदिशा।** महिलाओं ने एक दूसरे को तिलक लगाकर दी हिंदू नववर्ष की बधाई।

### नीम और मिश्री खिलाकर मनाया सनातन नववर्ष

गुरुवार सुबह माधवगंज स्थित कांच मंदिर पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर लोगों को तिलक लगाकर नीम-मिश्री खिलाई। तिलक लगाकर लोगों को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी गई। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में सनातनी मौजूद रहे।



**विदिशा।** हिंदू नववर्ष पर हिंदू उत्सव समिति ने कांच मंदिर में नीम और मिश्रा बांटी।

### प्रशासन ने की सुरक्षा व्यवस्था, मंडी में हुई नीलामी

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने मंदिरों के बाहर पुलिस बल, बैरिकेडिंग, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था की गई। वहीं कृषि उपज मंडी में व्यापारियों ने धर्म ध्वजा के साथ पूजा-अर्चना की। इसकके बाद नीलामी में भाग लिया, जिससे व्यापारियों में उत्साह देखा गया।



**विदिशा।** शहर के प्राचीन देवी मंदिरों में दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़।

### प्राचीन देवी मंदिरों में दिनभर रही श्रद्धालुओं की भीड़

नवरात्र के पहले दिन से ही देवी मंदिरो में श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू हो गई है। स्टेशन, दुर्गानगर, चिरोल वाली माता मंदिर पर महिलाओं की अपार भीड़ देखी गई। नौ दिनों तक शहर में शक्ति की भक्ति की आराधना का यह पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कई धार्मिक आयोजन भी मंदिरों में होंगे।

### व्यापार महासंघ चुनाव: नामांकन की प्रक्रिया हुई पूरी, 29 मार्च को मतदान

## 36 संगठनों के सदस्य चुनेंगे अगला व्यापार महासंघ अध्यक्ष, अब 19 प्रत्याशी मैदान में

**कुछ प्रत्याशियों ने एक से अधिक पदों के लिए किया नामांकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा व्यापार महासंघ के आगामी कार्यकाल 2026-2029 के लिए बहुप्रतीक्षित चुनाव 29 मार्च (रविवार) को आयोजित किए जाएंगे। यह चुनाव व्यापार महासंघ भवन में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न होगा।

इसी क्रम में गुरुवार 19 मार्च को प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। नामांकन फार्म चुनाव कार्यालय नाकोड़ा साड़ी तिलक चौक पर जमा किए गए, जहां दिनभर व्यापारी वर्ग में खासा उत्साह देखा गया। चुनाव अधिकारी श्यामसुन्दर गर्ग, चंद्रकांत जैन, प्रकाश भंडारी एवं मनमोहन बंसल की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ मंत्री एवं संयुक्त मंत्री पदों पर निर्वाचन किया जाएगा। नगर के 36 व्यापारी संगठनों के सदस्य मतदान कर नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे। कुल 19 नामांकन फार्म जमा किए गए हैं, जिनमें कुछ प्रत्याशियों ने एक से अधिक पदों के लिए भी आवेदन किया है। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, सभी व्यापारी उत्साह एवं शालीनता के साथ समय सीमा के भीतर पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया में शामिल हुए, जिससे आगामी चुनाव को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है।

### महामंत्री पद के लिए राजेश सोनी को व्यापारियों का मिला समर्थन

बड़ा सर्राफा एसोसिएशन की ओर से व्यापार महासंघ के आगामी चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में महामंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में राजेश सोनी खुबाल ने अपना नामांकन फार्म जमा किया। राजेश सोनी खुबाल लगभग 100 से अधिक सर्राफा एसोसिएशन के सदस्यों के साथ नाकाडो साड़ी सेंटर स्थित मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत रूप से अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारियों की उपस्थिति ने उनके प्रति समर्थन को दर्शाया। नामांकन के अवसर पर राजेश सर्राफ, संजय चौधरी, संजीव भंडारी, वैभव सर्राफ, पवन सोनी, मनीष अग्रवाल, अनुराग गोयल,



हीरालाल रघुवंशी, रमेश स्वर्णकार, मनोज पंजवानी, मंडी सचिव महेन्द्र जैन, मनोज जैन, लोकेश चौधरी, मुकेश सोनी, मनीष मंगल, पुनीत जैन, राजीव जैन, अमित जैन, नीलेश सोनी, दीपक जड़िया, परषोत्तम सोनी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। बड़ा सर्राफा एसोसिएशन विदिशा के अध्यक्ष संजय चौधरी ने बताया कि संगठन के सदस्यों का पूरा समर्थन राजेश सोनी खुबाल को मिल रहा है और उन्हें चुनाव में मजबूत प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है।

### इन पदों के लिए नामांकन दाखिल

- अध्यक्ष : राजेश जैन, राजीव जैन (गट्टू)
- महामंत्री : उमेश सिंघल, राजेश सोनी (खुबाल), नरेन्द्र सोनी
- वरिष्ठ उपाध्यक्ष : हरीश वाधवानी, पवन जैन, आशीष मोदी (बाबा)
- उपाध्यक्ष : नीरज चौरसिया, विवेक शर्मा, आशीष माहेश्वरी
- वरिष्ठ मंत्री : विवेक शर्मा, जितेंद्र जैन, अर्पित उपाध्याय
- संयुक्त मंत्री : अनुराग गोयल, राजकुमार नेमा
- कोषाध्यक्ष :राजकुमार अग्रवाल, मनीष जैन

### सीबीएसई स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन सख्त

## फीस, यूनिफॉर्म और सुरक्षा में पारदर्शिता रखना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में संचालित सीबीएसई स्कूलों की मनमानी पर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिले के 24 सीबीएसई स्कूलों के संचालक, प्राचार्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्कूल 31 मार्च तक निर्धारित पोर्टल पर फीस से जुड़ी पूरी जानकारी दर्ज करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की फीस वृद्धि केवल शासन के नियमों के अनुसार ही मान्य होगी। अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए।

### यूनिफॉर्म और किताबों पर रोक-टोक खत्म

बैठक में यूनिफॉर्म परिवर्तन को लेकर भी सख्ती दिखाई गई। कलेक्टर ने कहा कि तय अवधि से पहले यूनिफॉर्म में बदलाव नहीं किया जाएगा। साथ ही स्कूलों द्वारा अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पुस्तक मूल्य भी न्यायसंगत रखने के निर्देश दिए गए। विद्यालय परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी बस और ऑटो चालकों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य करने को कहा। स्कूल वाहनों में स्पीड गवर्नर, वैध दस्तावेज और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही हर स्कूल में फायर अलार्म सहित सुरक्षा व्यवस्थाएं अनिवार्य की गईं।

### महिला सुरक्षा और शिकायत निवारण

जिन विद्यालयों में 10 से अधिक महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक परिवाद समिति (आईसीसी) का गठन अनिवार्य किया गया है। इसका उद्देश्य महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

कलेक्टर ने स्कूलों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन देने और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। प्रत्येक विद्यालय को "स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर" के रूप में विकसित करने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया।

### ग्राम पांझ में संत निवास का भूमिपूजन मुनि संघ का विहार

**विदिशा।** ग्राम पांझ में निर्यापक मुनि संभवसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में संत निवास हेतु भूमिपूजन हुआ। कमल कुमार जैन द्वारा प्रदत्त 10 हजार वर्गफीट भूमि पर निर्माण प्रस्तावित है। कार्यक्रम में मुनिश्री ने साधु-संतों के आहार-विहार हेतु इस व्यवस्था को महत्वपूर्ण बताया। समाजजनों ने दान घोषणाएं भी कीं। इसके बाद मुनि संघ की आहार चर्या ओलंपस स्कूल में हुई। दोपहर पश्चात सामायिक के बाद संघ ने भोपाल की ओर मंगल विहार किया। विदिशा प्रवास के दौरान अनेक धार्मिक आयोजन हुए। विदाई के समय श्रद्धालुओं ने अश्रुपूरित नेत्रों से मुनि संघ को विदा किया।

### 23 वर्षों से चल रही विदिशा से मैहर तक की बाइक यात्रा



**विदिशा।** नामदेव समाज के युवाओं ने सत्येंद्र मित्रा के साथ गुरुवार को विदिशा से मैहर तक की बाइक यात्रा शुरू की। सिद्धेश्वरी मंदिर से शुरू हुई बाइक यात्रा का समाजसेवी देवेश आर्य ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

## बच्चों की सेहत पर खतरा: आंगनबाड़ी में मिल रहा घटिया पोषण आहार, ग्रामीणों ने की जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील क्षेत्र के हैदरगढ़ सहित आसपास के गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित किए जा रहे पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठे हैं।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि अमेरिकन फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा थर्ड मिल (लड्डू, पोहा आदि) गुणवत्ताहीन है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। अभिभावकों के अनुसार कई बच्चे भोजन करने के बाद उल्टी-दस्त जैसी समस्याओं से पीड़ित हो रहे हैं। स्थिति यह है कि बच्चे लड्डू खाने से बच रहे हैं और उन्हें घर ले जाकर जानवरों को खिला रहे हैं।



### एक साथ बनाया जा रहा 1200 बच्चों का भोजन

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि पहले स्थानीय स्तर पर तैयार भोजन बेहतर होता था, लेकिन अब केंद्रीकृत रसोई में बड़े पैमाने पर भोजन बनने से गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। हैदरगढ़ केंद्र पर लगभग 1200 बच्चों के लिए एक साथ भोजन तैयार किया जा रहा है। मोहम्मदगढ़ और धामनोद में भी यही स्थिति है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि लड्डू कच्चे आटे से बनाए जा रहे हैं और मानकों के अनुरूप नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास अधिकारी विनीता कस्वा ने जांच की बात कही है।

### विक्रमोत्सव 2026: सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर ऑडिटोरियम में नाट्य मंचन

## राज्यमंत्री ने किया संस्कृति से जुड़ने का आह्वान

**भारतीय शिक्षा पद्धति जीवन जीने की कला सिखाती है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रदेशव्यापी विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन जिले में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री कृष्णा गौर सहित अतिथियों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं ब्रह्मध्वज स्थापना के साथ हुआ।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति जीवन जीने की कला सिखाती रही है। उन्होंने वर्तमान समय को परिवर्तन का दौर बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की और कहा कि हिन्दू नववर्ष को नए आयाम देकर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जा रहा है।

उन्होंने युवाओं के सनातन संस्कृति से दूर होने पर चिंता जताते हुए उन्हें अपनी परंपराओं से जुड़ने का आह्वान किया। विधायक मुकेश टंडन ने नई शिक्षा नीति में भारतीय परंपराओं के समावेश को महत्वपूर्ण बताया और विक्रम संवत, भारतीय कालगणना व वैदिक समय इकाइयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा और जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसायटी, भोपाल के कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित आकर्षक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नव सवंत्सर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काश्वानी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र-छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे।



**विदिशा।** ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधिगण।

## चोरी हुआ ट्रैक्टर, भूसा मशीन बीना रेलवे स्टेशन से बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी के घर के सामने से मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे हथियारबंद चोरों द्वारा चोरी किए गए ट्रैक्टर और भूसा मशीन को पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है।

यह कार्रवाई पुलिस की तत्परता और सक्रियता का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही ग्यारसपुर थाना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और चोरों की तलाश में जुट गई। लगातार सर्च ऑपरेशन के दौरान गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे सूचना मिली कि चोरी हुआ ट्रैक्टर और भूसा मशीन बीना रेलवे स्टेशन के पास देखे गए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गोकुल अजनेरिया, उप निरीक्षक धीरज सिंह गुर्जर सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वाहन को बरामद कर लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी का खुलासा 48 घंटे से पहले ही कर दिया और बरामद सामान पीड़ित को सौंप दिया गया। हालांकि, वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी गोकुल अजनेरिया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय ग्रामीणों की सूचना और ट्रैक्टर के मूवमेंट ट्रैक के आधार पर पुलिस ने दिन-रात मेहनत कर यह सफलता हासिल की। इस कार्रवाई में ग्यारसपुर थाना पुलिस की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टर प्रदन्या करंदीकर का चयन किया



**गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रद्न्या करंदीकर का चयन अखिल भारतीय खो - खो (महिला पुरुष ) प्रतियोगिता सत्र 2025 - 26 के लिए किया गया है। अखिल भारतीय खो- खो प्रतियोगिता दिनांक 19 से 22 मार्च तक पुणे महाराष्ट्र में आयोजित की जाएगी। उक्त प्रतियोगिता में चयनित होने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति सहित छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा डॉ करंदीकर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की गईं हैं।

### ट्रैक्टर, ट्रॉली हुई अनियंत्रित, हादसा टला

**गंजबासौदा।** बुधवार को देर रात ग्राम पचमा में एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टली। जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सीधे एक घर के टीन शेड में जा घुसा। इस दौरान घर के बाहर लगा टीन शेड पूरी तरह टूट गया। उधर गत दिवस ही ग्राम ककरावदा में भी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सडक किनारे रखी एक गुमठी में जा घुसी। इस दुर्घटना में ट्राली तो पलट गई, लेकिन ट्रैक्टर में सवार लोग सुरक्षित बच गए। उधर गुमठी भी बंद थी। जिससे एक बडा हादसा टल गया।

### सिलाई मशीन व साडियां वितरित की



**गंजबासौदा।** गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर स्थानीय मानस भवन में नागरिक सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रवचनकार कृष्णा मां उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि कीर्ति पुरुष स्वर्गीय विशनजी भाई शाह ने सेवा का जो पौधा रोपा था आज वह वट वृक्ष बन गया है और हमें ऐसी शख्सियत से प्रेरणा लेकर अपना जीवन भी औरों के हित के लिए समर्पित करना चाहिए। अन्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष रीता भावसार, पार्षद नीलू चौबे एवं ज्योति शर्मा मौजूद रहीं। समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह ने एवं समिति सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया एवं उपस्थित महिलाओं को 27 सिलाई मशीन एवं 250 साड़ियां वितरित की गईं। इस मौके पर समिति सदस्य मौजूद रहे। संचालन रविंद्र जैन पत्रकार ने एवं आभार योगेश शाह ने माना।

### पंचतत्व संरक्षण समिति ने महंत से कराया पक्षी चेतना अभियान का शुभारंभ

# उत्साह के साथ मनाया गया नव संवत्सर, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर सहित ग्रामीण अंचलों में नव संवत्सर गुड़ी पड़वा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर में अनेक आयोजन हुए। गुड़ी पड़वा के साथ ही चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो गए। जिसके चलते मां शीतला शक्ति धाम सहित अन्य दुर्गा मंदिरों में सुबह से पूजन अर्चन करने जल चढ़ाने महिला, पुरुष श्रद्धालुओं की भींड उमड़ने लगी, पूजन अर्चन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। उधर पंचतत्व संरक्षण समिति के भी वार्षिक कार्यक्रम अंतर्गत गुड़ी पड़वा पर्व से पक्षी चेतना अभियान का शुभारंभ किया। वहीं सनातन सेवा समिति द्वारा संकीर्तन यात्रा निकाली गई।

उल्लेखनीय है कि गुड़ी पड़वा से हिन्दु नववर्ष का शुभारंभ माना जाता है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि भी प्रारंभ होती हैं। इस अवसर पर मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड लगी रही। वहीं गुडी पडवां के अवसर पर श्रद्धालुओं ने सुबह नीम की कोपलें खाकर दिन की शुरूआत की। इसके बाद घरों में पूजन अर्चन एवं हलवा पूडी बनाकर उनका भोग लगाया गया।



वहीं ब्राह्मणों को भी पंचांग का वितरण किया गया।

दूसरी ओर नववर्ष प्रतिपदा के मौके पर सनातन धर्म सेवा संस्थान समिति द्वारा भव्य सनातनी संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का आरंभ गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बरेठ रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। जहां विधि-विधान से देव पूजन, पंचांग पूजन एवं वर्षफल वाचन किया गया। वहीं पंचतत्व संरक्षण समिति ने भी गुडी पडवां पर पक्षियों के लिये निःशुल्क जलपात्र व पक्षी निवास एवं गो माता के लिए पानी की हौदियां रखने की शुरूआत की। इस वर्ष कार्यक्रम की शुरुआत नौलखी धाम के महंत राममनोहर दास के द्वारा गुरुवार को सुबह 9.30 बजे नौलखी घाट बेतवा तट से की गई। जहां महंत राममनोहर दास ने पक्षियों के लिए लाए गए जलकुंडों की पूजन अर्चन की और फिर स्वयं ने भी आश्रम परिसर में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एक सकोरा लगाया।

इसके साथ ही महंत एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने सकोरे टांगकर पक्षी चेतना अभियान का शुभारंभ किया। वहीं वार्ड नंबर 17 में पंचतत्व समिति द्वारा गो माता के लिए पीने के लिए पानी की टंकी भी रखी गई। अब समिति द्वारा जगह जगह सकोरे रखकर पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम और पशुओं के लिए हौदियां रखवाने का अभियान चलाएगी। इस मौके पर पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, प्रमोद राजपूत, अमान सिंह राजपूत, राजेन्द्र व्यास, शैलेन्द्र





दीक्षित, ज्ञानप्रकाश भार्गव, रामसिंह रघुवंशी आदि मौजूद थे। उधर गुरूवार को महाराष्ट्रीयन समाज में गुड़ी पड़वा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सुनील बाबू पिंगले सहित प्रत्येक महाराष्ट्रीयन परिवार के घर पर गुड़ी बांध कर उसकी पूजा कर महा भोग पूरी एवम श्रीखंड एवम समस्त प्रकार की सब्जी मिठाई का भोग लगाया गया और विधि विधान से पूजा की गई।

## वार्ड क्रमांक 8 में लाखों के जेवर और नकदी चुरा ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड क्रमांक 8 में बीती रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया। चोर घर से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुराने के साथ बच्चों की गुल्लक को तोड़कर भी पैसे ले गए। चोर छत के रास्ते मकान के अंदर घुसे। उन्होंने सबसे पहले उन कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए, जिनमें घर के लोग सो रहे थे।

इसके बाद, मुख्य कमरों में घुसकर अलमारी तोड़ दी और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी चुरा ली। चोर एक गुल्लक भी अपने साथ ले गए, जिसमें बच्चों द्वारा जमा किए गए पैसे थे। मकान मालिक सूरज वाल्मीकि ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे जब वे उठे, तो उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। परिजनों की मदद से दरवाजा खुलवाने के बाद उन्होंने देखा कि कमरे में रखी अलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी लेने पर पता चला कि करीब तीन तोले सोने के जेवर, आधा किलो चांदी और लगभग 1 लाख रुपए नकद चोरी हुए हैं। सूरज वाल्मीकि ने छत पर जाकर देखा तो सामने बने एक सूने मकान के दरवाजे भी अंदर से टूटे हुए थे। उस घर के परिजन कहीं बाहर गए हुए थे। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना मकान मालिक को फोन पर दी है। शहर थाना पुलिस को भी मामले की सूचना दे दी गई है और पुलिस जांच कर रही है।



**गंजबासौदा।** पंचवीर क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर पहली बार विराजमान करने के लिए झांकी उत्सव समिति द्वारा छिंदवाडा से देवी मां की आकर्षक प्रतिमा लाई गई है।

## सिद्ध संतों की तपोभूमि नौलखी आश्रम में जागी भक्ति धारा, जल यात्रा से दिव्य अनुष्ठानों का शुभारंभ किया

**गंजबासौदा।** वेत्रवती (बेतवा) के पावन तट पर स्थित सिद्ध संतों की तपोभूमि नौलखी आश्रम में नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ अवसर पर बुधवार को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा के अद्भुत संगम के बीच महाप्रभु जगन्नाथ एवं भगवान सीताराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय पाठोत्सव के उपलक्ष्य में नव दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए। गुरूवार को धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ जल यात्रा और भक्तमाल की पूजन और देवताओं के आवाहन के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्री रुद्राभिषेक से प्रारंभ हुआ।

मालूम हो कि वेत्रवती नदी के पावन तट पर स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी एवं भगवान सीताराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा का द्वितीय पाटोत्सव धूमधाम और भव्यता के साथ गुरूवार से प्रारंभ हो गया है, जो कि 27 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। बुधवार को बेतवा नदी से जल भरकर निकली भव्य जल यात्रा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वेत्रवती के पवित्र जल को कलशों में भरकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवताओं का आवाहन किया गया। इसके पश्चात मां बेत्रवती का विधि-विधान से



पूजन किया गया तथा प्राचीन भैरव बाबा एवं सिद्ध बाबा का पूजन कर उनके चरणों में श्रद्धा अर्पित की गई। भक्तमाल ग्रंथ को सिर पर रखकर आश्रम के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्री सीताराम जी एवं भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर एवं मंडप की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिवाभिषेक में यजमान के रूप में नागेंद्र उपाध्याय एवं ममता उपाध्याय, पं. मुन्नालाल दुबे, राजेश्वरी दुबे, भानु सिंह एवं नीतू ठाकुर (विशनपुर) ने भक्ति भाव से पूजन-अर्चन कर धर्म लाभ प्राप्त किया। प्रथम दिवस पर आचार्य पं. धर्मेंद्र भार्गव, पं. राहुल शर्मा एवं पंडित अजय द्वारा शिव अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इस अवसर पर 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण के साथ सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ तथा उनके पूजन एवं अभिषेक से पूरा आश्रम हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आचार्य पंडित केशव शास्त्री के मुखारविंद से देवी महिमा का अत्यंत ओजस्वी एवं भावपूर्ण वर्णन हुआ।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि शक्ति जागरण, आत्मशुद्धि और भक्ति का महापर्व है। नवदुर्गा के नौ स्वरूप जीवन में साहस, करुणा, ज्ञान और दिव्य ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कन्या पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि कन्याएं साक्षात मां भगवती का जीवंत स्वरूप हैं। जिस समाज में बेटियों का सम्मान होता है, वही समाज उन्नति और समृद्धि की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने आह्वान किया कि बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाएं और नारी को शक्ति स्वरूप मानकर उसका आदर करें, यही सच्ची देवी आराधना है। आचार्य शास्त्री के हृदयस्पर्शी वचनों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कई भक्तों की आंखें नम हो गईं और पूरा आश्रम परिसर "जय माता दी" एवं "हर हर महादेव" के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आगामी 21 मार्च से 27 मार्च तक नवदिवसीय भक्तमाल कथा का वाचन श्रीधाम वृंदावन के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक, गोल्ड मेडलिस्ट ज्योतिषाचार्य भागवताचार्य पं.डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आश्रम परिसर में आयोजित होगी।

## मंदिर निर्माण अधूरा रहने से ग्राम हतौड़ा में प्रदीप मिश्रा की प्रस्तावित कथा स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम हतोड़ा के श्री बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में निर्माणाधीन 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर का निर्माण शिव महापुराण कथा के आयोजन तिथि तक पूरा न होने के चलते कथा स्थगित कर दी गई है। यह कथा मंदिर के समीप 8 से 14 मई तक आयोजित होना थी।

शिव महापुराण की कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा किया जाना प्रस्तावित था। लेकिन कथा के आयोजन की तिथि तक मंदिर निर्माण कार्य समय पर पूर्ण न हो पाने के कारण फिलहाल कथा स्थगित कर दी गई है। पंडित राजा महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में 12 ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा भी प्रस्तावित थी, लेकिन निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने में लगे कारीगरों की पारिवारिक समस्याओं के कारणों से कार्य में व्यवधान आया, जिससे निर्धारित समय तक निर्माण पूर्ण होना संभव नहीं हो पा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि ऐसी स्थिति में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कथा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आयोजन समिति से जुड़े देवेंद्र वर्मा, योगेश अग्रवाल,



प्रमोद अग्रवाल, देवेंद्र रघुवंशी, दिलीप सिंह रघुवंशी, सीताराम रघुवंशी,राकेश रघुवंशी, राजेश व प्रीतम रघुवंशी सहित अन्य सदस्य कुबेरेश्वर धाम सीहोर पहुंचे। यहां उन्होंने विठलेश्वर सेवा समिति को मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के लिए करीब 5 माह पूर्व सहमति प्राप्त कर ली गई थी और तैयारियां भी अंतिम चरण में थीं, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा रहने से आयोजन करना उचित नहीं समझा। वहीं, विठलेश्वर सेवा समिति, कुबेरेश्वर धाम ने भी स्थिति को समझते हुए सहयोगात्मक रुख अपनाया और आयोजन से संबंधित जमा की गई राशि 5 लाख रुपए हतोडा आयोजन समिति को वापस कर दी। दोनों पक्षों ने कहा कि मंदिर निर्माण पूर्ण होने के बाद ही कथा एवं 12 ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए नई तिथि तय कर सूचना दी जाएगी।

### नहाने गया युवक लापता

**गंजबासौदा।** गुरूवार की शाम वेतवा नदी रिपटा घाट पर नहाने गया एक युवक लापता हो गया है। लापता युवक का नाम ग्रीन वैली निवासी नौशाद खान बताया जा रहा है। उसके कपड़े मोटरसाइकिल और मोबाइल गाड़ी पर रखे हुए मिले हैं। युवक को परिजन कर रहे हैं। वहीं पुलिस भी तलाश में जुट गई है।

### पिपलेश्वर मंदिर पर आयोजन हो रहा

## भगवान और गुरु से मिलती है बुद्धि:कृष्णा मां




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा रजत जयंती समारोह के तहत परम पूज्य कृष्णा मां की रस मयी वाणी से सप्त दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कृष्णा मां ने अनेक कथाओं और दृष्टांगों के साथ कहा कि जिन घरों में नारियों का सम्मान होता है वहीं संस्कृति का उत्थान होता है। उन्होंने कहा कि बुद्धि दो जगह से मिलती है एक हनुमान चालीसा का पाठ करने से दूसरी भगवान और गुरु से बुद्धि मिलती है। मरने से पहले वासना और बैर खत्म कर देना चाहिए और अपने दुश्मनों को माफ कर देना चाहिए। वैसे भी कहा गया है कि जिस धागे में गांठ होती है वह धागा सुई में नहीं पिरोया जाता है। हमेशा सत्संग सुनने जाना चाहिए। सत्संग में आओ किसी रुप में और सत्संग से जाओ तो दूसरे रुप में। संत्सग स्थल दिव्य स्वरूप के साथ साथ तीर्थ और स्वर्ग स्थल बन जाता है। वह दर जो दर ना रहें, वह दर ना दर, जो दर पे ना झुकें। इंद्र भी 72 बार इंद्र बने और बाद में नीचे आ गए। ब्रह्मा ने कहा है कि तीन चीज सोच समझ कर देनी चाहिए। गाय का दान सोच समझ कर देना चाहिए, भोगी के हाथ में अपनी बेटी का हाथ नहीं देना चाहिए। नवरात्रि मां की शक्ति की उपासना का त्यौहार है। अध्यात्मिक प्रवचन के तृतीय दिवस के मुख्य जिजवान प्रभात रूप सिंह राजपूत का परिवार रहा। नवरात्रि का पहला दिवस होने के बाद भी बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष आध्यात्मिक प्रवचन सुनने पहुंचे और धर्म लाभ लिया।

## जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया



**गंजबासौदा।** शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन दिनांक 19 मार्च से 30 जून तक करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत गुरुवार को जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत हरदूखेड़ी के ग्राम काली पठार स्थित कृषि विभाग के पुष्कर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य से किया गया। इस शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम सरस्वती पूजन, कन्या पूजन से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्कर तालाब में श्रमदान किया गया एवं पौधरोपण किया गया। ज्ञात हो कि अभियान के अंतर्गत जलाशयों की सफाई, पौधा रोपण, छोटी नदियों, तालाबों व अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र रघुवंशी ,जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, ग्राम पंचायत हरदूखेड़ी सरपंच सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने गो दूध,खजूर से बुजुर्गो संग रोजा इफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय नववर्ष नव संवत्सर एवं ईदुलफितर के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंधित संस्था मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारीगण और कार्यकर्ताओं ने जीवाजीपुर वृद्धाश्रम पहुंच कर बुजुर्गों के साथ रोजा इफ्तार किया। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि रोजेदारों ने पारंपरिक पेय पदार्थों के बजाय गाय के दूध और खजूर से अपना रोजा खोला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय बुजुर्गों ने शिरकत की, मंच के पदाधिकारियों द्वारा उनका पुष्प मालाओं से सम्मान भी किया गया। मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि गाय के दूध का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि हर बीमारी में भी लाभदायक है। अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं मे यह बात कही



गई है कि गौ दूध शिफा है हर बीमारी में अपना इलाज गौ दूध से किया करो। मंच ने रघुकुल वृद्धाश्रम जीवाजीपुर में वृद्धजनों का सम्मान कर एक माह की राशन सामग्री भी प्रदान की। श्री कादरी ने नौजवानों का आह्वान करते हुए कहा कि मां-बाप की खिदमत और उनकी इज्जत करो, मां की खिदमत सबसे ज्यादा करनी चाहिए सभी धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि मां के पैरों तले जन्नत है। मां और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। समाजसेवी, शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पृथ्वीसिंह रघुवंशी ने बताया कि हमारी मां ने तकलीफ पर तकलीफ झेलकर नौ महीने तक हमें अपने पेट में रखा, हम अपनी मां का कर्ज कभी नहीं उतार सकते। वरिष्ठ नेता पर्वत सिंह ने कहा कि जिस घर में बुजुर्ग होते है उस घर में रौनक रहती है। हमें अपने बुजुर्ग माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षाविद बालाराम रघुवंशी, जितेन्द्र सिंह सहित मंच पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### भूविज्ञान विभाग के 16 छात्र सीएसआईआर–नेट 2025 में सफल

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर अनुप्रयुक्त भूविज्ञान विभाग के 16 छात्रों ने सीएसआईआर–यूजीसी नेट दिसंबर 2025 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर भारत में भूविज्ञान के एक प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। इनमें से 6 छात्रों, अनुरूपा मिश्रा, अभिश्रुति हांडिक, शाश्वत सिन्हा, आकाश चौबे, अंशकिता सेजलऔर रोहित वर्मा ने प्रतिष्ठित जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, साक्षी पंजवानी और अनूप के. ने लेक्चरशिप के लिए योग्यता प्राप्त की। वहीं 8 अन्य छात्र, यश कुमार रजक, राकेश काले, निशांत सिन्हा, संस्कृति झा, अनंदु वीएस, हर्षवर्धन ठाकुर, हर्षित मिश्रा और अभिषेक दास पीएचडी श्रेणी में सफल रहे। यह उल्लेखनीय उपलब्धि विभाग और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए सशक्त शैक्षणिक वातावरण और समर्पित मार्गदर्शन को दर्शाती है। विभागाध्यक्ष संकाय सदस्यों तथा विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और कहा कि ऐसी उपलब्धियां संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को रेखांकित करती हैं तथा भविष्य में छात्रों को प्रेरित करती रहेंगी।

### बुंदेलखंड कायस्थ समाज की बैठक संपन्न


**सागर।** बुंदेलखंड कायस्थ समाज के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक चित्रगुप्त मंदिर परकोटा में आयोजित की गई जिसमें 23 अप्रैल दिन गुरुवार को कायस्थ समाज के आराध्य देव प्रभु श्री चित्रगुप्त भगवान के प्राकट्योत्सव दिवस पर आयोजित की जाने वाली विशाल वाहन रैली के शुभारंभ एवं समापन के विषय में जानकारी दी गई, संदीप वर्मा ने बताया की वाहन रैली का शुभारंभ भैरव बाबा के मंदिर में श्री चित्रगुप्त भगवान की स्थापित मूर्ती की पूजा अर्चना कर किया जाएगा ।

## हिंदू नववर्ष पर राजीव गांधी चिकित्सालय में उपचार के लिए लोग परेशान

**डयूटी के समय अपने बच्चे को मोबाईल चलाना सिखाती रही नर्स मैडम, मरीजों की लगी लंबी कतार**

# मरीज बेहाल, डॉक्टर से लेकर नर्स तक को नहीं कोई ख्याल

### मरीज बोले – पहले पर्ची बनवाने घंटों किया कर्मचारी का इंतजार, फिर नर्स मैडम ने लाइन में खड़ा रखा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

एक तरफ शासन स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाने के लिए करोडो रूपया खर्च कर रही है। वही दूसरी ओर शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की यदि बात की जाए तो घण्टो लाइनों में लगने के बाद भी अपना उपचार कराने आने वाले मरीजो को निराश होकर वापस लौटना पड रहा है।

जब भी कोई मरीज उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में पहुचता है तो एक दो घण्टें उसे पर्ची कटवाने में लग जाते है। जैसे ही वह मरीज पर्ची लेकर जरनल वार्ड में पहुचता है तो वहा मौजूद डॉक्टर व नर्स मरीज की समस्या सुनने की बजाय अपने पहचान वालो की समस्याओं का निराकरण करने में लगें रहते है। यदि कोई मरीज जब वार्ड में मौजूद नर्स से अपना उपचार करने की बात करता है तो उक्त मरीज को अस्पताल के नियम कानून बता दिए जाते है और लाइन में खडें होने का बोल दिया जाता है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले मरीज घंटो तक लाइन में खडें होकर अपना नम्बर आने का इंतजार करते रहते है।

### पर्ची बनवाने के लिए मरीजों को देना पड़ा 20 रुपए

हिन्दू नववर्ष के दिन नगर के कहारा बाजार स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ताला लगा होने के कारण अधिकांश मरीजो को निराश होकर वापस लौटना पडा। तो वही कुछ मरीज अपना उपचार कराने के लिए जब शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय पहुचें तो वहा मौजूद नर्सो ने मरीजो से पहले पर्ची लेकर आने को कहा। जिस पर मरीज पर्ची बनवाने के लिए काउंटर पर पहुचें तो वहा कोई कर्मचारी मौजूद नही होने के कारण कर्मचारी के आने के इंतजार में कई मरीज व उनके परिजनों घण्टों अस्पताल हॉल में बैठे नजर आए। काफी इंतजार के बाद जब काउंटर पर कोई नही आया तो कुछ मरीजो से अस्पताल में मौजूद एक कर्मचारी को अपनी समस्या बताई तो वह कर्मचारी काउण्टर पर पर्ची काटने के लिए एक कर्मचारी को लेकर आया। तब जाकर मरीजो को पर्ची मिली लेकिन उसमें भी कर्मचारी ने कहा कि आज अस्पताल में छुट्टी है यदि आज उपचार कराने के लिए पर्ची बनवाना है तो इंमरजेंसी पर्ची मिलेगी जिसके लिए 20 रूपये देना पडेंगा। तो वही अपना उपचार कराने के लिए मजबूरन मरीजो को 20 रूपये देकर पर्ची बनवाना पडा।

### डयूटी के समय नर्स का ध्यान रहा अपने बच्चे पर

*उलटी,बुखार सहित अन्य बीमारियो से पीड़ति मरीज जब उपचार के लिए अस्पताल के जरनल वार्ड में पहुचें तो वहा मौजूद नर्स सुधा ने मरीजो से कहा कि डॉक्टर साहब 3 नम्बर कमरे में बैठे है वहा जाकर डॉक्टर को अपनी समस्या बताओ बाद में यहा आना। जैसे ही मरीज 3 नम्बर कमरे में डॉक्टर के पास पहुचें तो डॉक्टर ने पर्चे पर दवाईयां लेने व इंजेक्शन लगवाने के लिए मरीजो को जरनल वार्ड में भेज दिया। वही वार्ड में मौजूद नर्स सुधा ने सभी मरीजो से लाइन में खडें रहना का बोला और वह अपने बच्चें की देखरेख करने में लगी रही। इतना ही नही जिस कुर्सी पर बैठकर अस्पताल नर्स व डॉक्टर अपना कार्य करते है उस कुर्सी पर नर्स ने अपने बच्चे को बैठाकर उसके हाथ में मोबाईल चलाने के लिए दे दिया। वही पूरे टाइम मरीजो पर ध्यान देने के बजाय नर्स का ध्यान अपने बच्चे पर रहा।*

### आखिरकार कब होगा अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार?

शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय के हालातो की यदि बात कि जाए तो उक्त अस्पताल के हालात किसी से छिपे नही है। आए दिन मरीजो के साथ अभद्र व्यवहार, अस्पताल में डॉक्टरो का समय पर न मिलना सहित अनेको ऐसे मामले है जो कि हर किसी को याद आ ही जाते है। लेकिन सालो बाद भी इन समस्याओं का समाधान नही हो पाया है। कई वर्ष पहले यह अस्पताल 100 बिस्तर का हुआ करता था। लेकिन अब इस अस्पताल में 30 से 40 बेड ही नजर आते है। साथ ही अस्पताल में सुविधाओं की बात हो तो ऑक्सीशन प्लांट,एक्स-रे सहित अनेको मशीने अस्पताल में मौजूद है जिससे हर सुविधा आसानी से मरीजो को दी जा सकती है। लेकिन उक्त अस्पताल में पदस्थ स्टाफ के आलसी रवैए के चलते मरीजो को विदिशा,भोपाल का रास्ता दिखा दिया जाता है। जब भी कोई गंभीर हालात में मरीज अस्पताल में पहुचता है तो डॉक्टर उसे देखते है विदिशा रेफर करने की तैयारी चालू कर देते है। इतना ही नही उक्त मरीज को विदिशा भेजने के लिए भी मरीज के परिजनो को परेशानी उठाना पडता है। क्योकि अस्पताल में मौजूद एंबुलेंस काफी भी उस समय उपस्थित नही रहती जब किसी मरीज को विदिशा,भोपाल रेफर किया जाता है। मजबूरन मरीज के परिजनो को प्राईवेट एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती किया जाता है।

#### इनका कहना है

मैं अभी महामाई मंदिर पर हूं, जरनल वार्ड में कौन सा बच्चा मोबाईल चला रहा है मैं दिखवाता हूं।

**नीरज पंथी, बीएमओ,**
शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय सिरोंज।

**मिठाई बांटकर दीं शुभकामनाएं**

## नव वर्ष पर कृषि उपज मंडी में बंपर आवक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

हिन्दू नव वर्ष,गुड़ी पड़वा के उपलक्ष में सिरोंज मंडी हमेशा खुलती है और व्यापारी अपना श्रेष्ठ मुहूर्त में माल की खरीदी करते है व्यापारी नव वर्ष के उपलक्ष में एक दूसरे को बधाई देते हैं और इस खुशी के मौके पर कर्मचारी और किसानों को मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई देते हैं। नववर्ष के अवसर पर मण्डी में बंपर आवक रही दशहरा मैदान में लगभग 300 ट्रॉली गेहूं की आई वर्तमान मंडी नीलामी प्रांगण में लगभग 250 ट्रॉली आई। वही किसान हित में आज भी मंडी नीलामी चालू रहेगीं। नववर्ष की बधाइयाँ के कार्यक्रम में मंडी सचिव सहित अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव, राजेश मित्तल, कमलेश जैन, मुन्ना भैया, कमल तरण, नेमीचंद जैन, राजेश जैन, पप्पु साहू, प्रेमचंद जैन, लोकेश जैन, मनीष जैन, राहुल मंगल, देवेंद्र साहू, टिंगू साहू, रामू साहू, रामकिशन साहू आदि मौजूद रहे।

## पानी में डूबने से युवक की मौत, कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल सहायता दी गई



**खुरई।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में जनपद पंचायत खुरई अंतर्गत ग्राम कोहा (ग्राम पंचायत खेजरा इज्जत) में हुई दुखद घटना के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोहा निवासी 37 वर्षीय विमल सौर (राजवंशी) की पानी में डूबने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ और मौके पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सचिव विपिन शर्मा द्वारा श्रम विभाग, मध्यप्रदेश की ई-संबल योजना के तहत मृतक के परिजनों को त्वरित राहत प्रदान की गई। योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी द्रोपती सौर को पांच हजार रुपये की अग्रिम सहायता राशि दी गई है। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि शासन के नियमानुसार अन्य देय सहायता भी शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

**जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ**

## जल का कोई विकल्प नहीं, आने वाली पीढ़ी को जल भंडार विरासत में दें : विधायक मुकेश टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत जिले में भी की गई है। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने ग्राम बागरी में आयोजित जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ तालाब के गहरीकरण में शामिल होकर श्रमदान की आहुतियां देकर किया है।

विदिशा विकासखंड की ग्राम बागरी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक टंडन ने कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है आने वाली पीढ़ी को हम विरासत में जल के प्रचुर भंडार दें इसके लिए शासन द्वारा संचालित की जा रही जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में जल के अनेक स्त्रोत विद्यमान थे जो धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। इसका प्रमुख कारण उन सब स्त्रोतों का समय पर जीर्णाद्धार कार्य नहीं करना है। विधायक ने कहा कि धरती से हम पानी निकालने का कार्य बड़ी आसानी से करते हैं किंतु जल संवर्धन के कार्यों में वह रुचि नहीं लेते हैं जो निकालने में की जाती है



खेती-बाड़ी के लिए हम जिस प्रकार जल का उपयोग करते हैं ठीक वैसे ही जल भूमि के अंदर पहुंचे और जल स्तर में गिरावट न आए के प्रबंध भी अभी से सुनिश्चित किए जाना अतिआवश्यक है।

विधायक ने कहा ने कहा कि वर्षारूपी जल का हम साल भर उपयोग करते है जबकि वर्षा मात्र तीन माह के लिए होती है। वर्षारूपी जल तीस से पांच प्रतिशत ही संग्रहित कर पाते है शेष जल बहकर चला जाता है वर्षा रूपी जल का अधिक से अधिक संग्रहण हो इस और भी हम सबको विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शासन स्तर से संरचनाओं के निर्माण के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से कार्यों को मूर्तरूप दिया जा रहा है जन जागरूकता इस ओर विशेष हो ताकि हर घर जल के अभाव से बचा रहे इसी प्रकार हर खेत व गांव में जल की मात्रा बनी रहे। यह सब हम सबके परस्पर सहयोग से संभव है। जनपद पंचायत के अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी ने कहा कि पानी की कीमत हम सब समझ रहे है। हम कैसे अधिक से अधिक जल स्त्रोत को उन्नत करें ताकि भूमिगत जल स्तर में गिरावट ना आए।

### 23 मार्च को शहीदोत्सव-2026: गूंजेंगी राष्ट्रभक्ति की स्वर लहरियां

**विदिशा।** मातृभूमि युवा परिषद द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर 23 मार्च सोमवार को 11वें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं शहीद सम्मान समारोह शहीदोत्सव–2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्थानीय जयप्रकाश मंच, माधवगंज में सायं 7 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन में देशभर के ख्यातिप्राप्त कवि अपनी ओजस्वी रचनाओं से राष्ट्रभक्ति का वातावरण निर्मित करेंगे। कार्यक्रम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान को समर्पित होगा। परिषद अध्यक्ष नागेंद्र लोधी ने बताया कि यह परंपरा पिछले एक दशक से निरंतर जारी है और इसका उद्देश्य युवाओं में देशप्रेम व जिम्मेदारी की भावना जागृत करना है। गत वर्ष आयोजित 10वें कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया था। उसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष का आयोजन और भी भव्य स्वरूप में किया जा रहा है। विदिशा का यह आयोजन अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है और हर वर्ष बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं नागरिक इसमें शामिल होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला के उपकरणों की कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल साइंस में में बीएमएलटी थर्ड ईयर के विद्यार्थियों का इंस्ट्रियूमेंट वीवा संपन्न हुआ। यह वीवा अटल विहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज माइक्रोबायलॉजी डिपार्टमेंट से डॉक्टर दीपसिखा साहू, डॉक्टर ताजवर मंसूरी के निर्देशन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रयोगशाला उपकरणों के कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा विषय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण आत्मविश्वास एवं ज्ञान के साथ प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत अनुशासित एवं शैक्षणिक



वातावरण में किया गया, जो विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास के लिए अत्यंत लाभकारी रहा।

### लोरी-प्रभाती से शिशुमन का संस्कार निर्माणः डॉ मीनू पाण्डेय

**विदिशा।** साहित्य शोध सृजनपीठ, साहित्य अकादमी के तत्वाधान में महाराणा प्रताप महाविद्यालय में "शिशुमन के मानस संस्कारों पर लोरी और प्रभाती का प्रभाव विषय पर विमर्श एवं काव्यपाठ आयोजित हुआ। निदेशक डॉ मीनू पाण्डेय ने कहा कि लोरी और प्रभाती सभ्य समाज के निर्माण की आधारशिला हैं, जो बालमन में संस्कार, संवेदना और नैतिकता विकसित करती हैं। डॉ अनीता तिवारी, डॉ रंजना शर्मा, यशवंत प्रताप सिंह राठौर सहित अन्य वक्ताओं ने विचार रखे। द्वितीय सत्र में अनुज भार्गव, शिखा रघुवंशी आदि ने काव्यपाठ किया। संचालन ध्रुव शर्मा व सतेंद्र सत्यज ने किया, आभार अरुण सोनी ने माना।

## पुलिस पंचायत में सीनियर सिटीजन की गुहार, अधिकारों पर सख्त चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं कोर कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न मामलों की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया। बैठक में सामने आए प्रकरणों ने स्पष्ट किया कि चाहे बुजुर्ग आर्थिक रूप से संपन्न हों या गरीब, सभी किसी न किसी पारिवारिक या संपत्ति विवाद से जूझ रहे हैं।

गंजबासौदा के एक बुजुर्ग ने रिश्तेदार द्वारा धमकाने और पीछा करने की शिकायत की, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई के निर्देश दिए। हम्मालपुरा की एक महिला ने मकान सस्ते में बेचने के दबाव की बात कही, जिस पर पंचायत ने उन्हें अधिकारों की जानकारी देकर आरोपी को चेतावनी दी। एक अन्य मामले में महिला ने पुत्र व उसकी साथी द्वारा प्रताड़ना और पेंशन हड़पने की शिकायत की। पंचायत ने स्पष्ट किया कि मकान महिला का है और जरूरत पड़ने पर अन्य पक्ष को बेदखल किया जाएगा। वहीं, 70 वर्षीय महिला को बेटे द्वारा घर से निकालने के मामले में भी कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस पंचायत ने दोहराया कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**जैन कॉलेज में हुआ आयोजन, छात्र कुलदीप प्रजापति का हुआ स्वागत**

# चित्रकूट से लौटे स्वयंसेवकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्थानीय एसएसएल जैन पीजी कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा चित्रकूट में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता कर शहर का नाम गौरवान्वित किया गया।

इस प्रतिष्ठित शिविर के लिए विदिशा से सात विद्यार्थियों का चयन हुआ था। शिविर से सफलतापूर्वक लौटने पर कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्र कुलदीप प्रजापति का महाविद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलदीप प्रजापति ने चित्रकूट शिविर के अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण के दौरान मिली सीख और अनुशासन की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अंकित शर्मा, सीनियर स्वयंसेवक ऋतिक राय, हर्ष बघेल सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके उपाध्याय एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री बोराना ने



कुलदीप को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. बोराना ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुलदीप को विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में 18 मार्च 2026 को पीएम श्री शासकीय कॉलेज के एनएसएस सात दिवसीय शिविर में कुलदीप को आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने स्वयंसेवकों को शिविर के अनुभवों और मार्गदर्शन से अवगत कराया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आदित्य राजोरिया ने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा करते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। अंत में प्राचार्य डॉ. विनीता वाजपेयी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का शुभारंभ, स्वच्छता व संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

जनपद पंचायत ग्यारसपुर की सभी ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार 19 मार्च 2026 से जल गंगा संवर्धन अभियान–2026 का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य जनजागरूकता बढ़ाकर जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना, जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार करना तथा पेयजल व्यवस्थाओं की साफ-सफाई सुनिश्चित करना है।

ग्राम पंचायत ग्यारसपुर में जनपद पंचायत कार्यालय के बाहर अस्पताल परिसर के पास जनजागरूकता एवं सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।




अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सामाजिक न्याय विभाग, आजीविका मिशन, मनरेगा एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मनरेगा के एपीओ स्वप्निल श्रीवास्तव ने बताया कि जल संरचनाओं की सफाई, मरम्मत एवं निर्माण कार्य जनसहभागिता से किए जाएंगे, जिससे जल संकट दूर होगा। कार्यक्रम में सरपंच राजू कुशवाहा सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हरसिद्धि माता मंदिर

### मंदिर का इतिहास 16वीं शताब्दी से जुड़ा राजा विक्रमादित्य ने कराई थी स्थापना

# भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं परवरिया वाली हरसिद्धि माता, बाटी चूरमा का भक्त लगाते हैं भोग



### आस्था, परंपरा और इतिहास का अद्भुत संगम बना हरसिद्धि माता का यह मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

हरिभूमि विशेष

जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम परवरिया में हरसिद्धि माता मंदिर भक्तों की अटूट आस्था व श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां विराजित माता हरसिद्धि को श्रद्धालु चमत्कारी देवी के रूप में पूजते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगे गए हर मनोकामना को माता हरसिद्धि पूर्ण करती हैं।

इसी आस्था के चलते सालभर दूर-दूर से श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचते हैं और विशेष रूप से बाटी-चूरमा का भोग लगाकर अपनी मुरादें मांगते हैं।

#### मंदिर का इतिहास

लोक मान्यता के अनुसार मंदिर का प्राचीन इतिहास राजा विक्रमादित्य से जुड़ा हुआ माना जाता है। जब माता हरसिद्धि की प्रतिमा विदिशा से उज्जैन ले जाई जा रही थी। तब परवरिया गांव के पास एक चबूतरे के समीप रात्रि विश्राम किया गया। सुबह जब देवी प्रतिमा को आगे ले जाने का प्रयास किया, तो बैलगाड़ी की धुरी टूट गई। इसे देवी का संकेत मानते हुए राजा विक्रमादित्य को स्वप्न में आदेश मिला कि प्रतिमा को उसी स्थान नीम पेड़ के नीचे चबूतरे पर स्थापित किया जाए। इसके बाद पंडितों को बुलवाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता की प्रतिमा यहीं विराजित कर दी गई।



#### ऐतिहासिक घटनाओं से भी जुड़ा है हरसिद्धि माता का मंदिर

ग्राम परवरिया स्थति माता के इस मंदिर का इतिहास 16वीं शताब्दी से भी जुड़ा बताया जाता है। उस समय रायसेन के किले पर राजा पूरनमल और रानी रत्नावली का शासन था। इतिहासकारों के अनुसार, इसी कालखंड में किले में रानी रत्नावली उनकी राजपूतानियों के जौहर जैसी घटनाएं हुईं, जिससे यह क्षेत्र धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से और भी महत्वपूर्ण बन गया।

#### सदियों पुरानी परंपरा आज भी कायम

पूर्व सरपंच जगन्नाथ सिंह यादव ने बताया कि परवरिया गांव का नाम भी माता की कृपा से ही प्रसिद्ध हुआ। यहां आने वाले भक्त दाल-बाटी चूरमा बनाकर हरसिद्धि माता को भोग लगाते हैं और प्रसाद स्वरूप बांटते हैं। एक विशेष मान्यता यह भी है कि यदि कोई व्यक्ति यहां का प्रसाद ग्रहण करता है, तो उसे जीवन में कम से कम साल में एक बार जरूर परिवार सहित मंदिर में आकर माता के दर्शन अवश्य करने होते हैं। माता हरसिद्धि का यह मंदिर आज भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था, परंपरा और इतिहास का अद्भुत संगम बना हुआ है।

## आदिशक्ति की भक्ति का नवरात्रि पर्व प्रारंभ, मंदिरों में रही भीड़




**बरेली।** गुरुवार सुबह से आदिशक्ति की भक्ति का नवरात्रि पर्व मातारानी को जल अर्पण, पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा जल अर्पण, पूजन सामग्री के साथ भारी भीड़ का नजारा सुबह 10-11 बजे तक बना रहा। भक्तों द्वारा अपने घरों में माँ दुर्गा की साधना में दुर्गा शप्तशती पाठ, पूजन इत्यादि की विधि विधान से शुरुआत की।

#### माता को जल अर्पण कर रहे श्रद्धालु

नवरात्रि पर्व में भक्तों द्वारा प्रातः स्नान कर देवी मंदिरों में पहुंच कर मातारानी को जल अर्पण कर दिन की शुरुआत की जाती है। नौ दिनों तक उपवास रखने के साथ सुबह-शाम मंदिरों में देवी माँ की आरती में सम्मिलित होने की परंपरा बनी हुई है। खेरापति माता मंदिर, शक्ति धाम मंदिर, संकट मोचन मंदिर, काली मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ बनी रही।

---

## कार्ययोजना होना थी तैयार, लेकिन तीन पंचायतों के जिम्मेदार नदारत

# पंचायतों में लटके रहे ताले, जल गंगा संवर्धन अभियान को नहीं दी तवज्जो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे शासन के प्राथमिकता वाले "जल गंगा संवर्धन अभियान" को जनपद पंचायत स्तर पर ही झटका लगता नजर आ रहा है। गुरुवार को जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बनगवां और बिरहोली सहित अन्य ग्राम पंचायतों में इस महत्वपूर्ण अभियान की कार्ययोजना बनाने के लिए बैठक आयोजित की जानी थी। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते पंचायत भवनों के ताले तक नहीं खुले।

हालात यह रहे कि न तो पंचायत भवन खुले और न ही सरपंच-सचिव मौके पर पहुंचे। परिणामस्वरूप शासन के इस अहम अभियान की शुरुआत ही अव्यवस्था और उदासीनता की भेंट चढ़ गई। ग्रामीणों और पंचों को बैठक की जानकारी तक नहीं दी गई। जिससे वे भी असमंजस में रहे।

ग्राम बिरहोली के पंच मोहनलाल जाटव ने हरिभूमि संवाददाता को बताया कि पंचायत में ग्राम सभाओं और अन्य बैठकों की सूचना समय पर नहीं दी जाती। कई बार तो बैठकें कागजों में ही पूरी कर ली जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता की भारी कमी है और जनप्रतिनिधियों की मनमानी चल रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अगर समय रहते ठोस योजना नहीं बनी, तो गर्मी के मौसम में जल संकट और गहराएगा। पहले ही क्षेत्र में जल स्रोतों का स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में शासन प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े होना लाजिमी है।






#### जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

इस पूरे मामले में सरपंच और पंचायत सचिवों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं जनपद पंचायत सांची के अधिकारियों ने भी इस लापरवाही पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। बहरहाल अब सवाल यह उठता है कि जब शासन स्तर पर जल संरक्षण को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। तो जमीनी स्तर पर इस तरह की लापरवाही आखिर क्यों बरती जा रही है। अगर समय रहते जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो ऐसे अभियान केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे।

#### अभियान की शुरुआत अव्यवस्था उदासीनता की भेंट चढ़ गई

### ग्राम पंचायत के भवनों में लगे कचरे गंदगी के ढेर

#### वनगवां ग्राम पंचायत भवन की नहीं हुई महीनों से साफ सफाई

ग्राम पंचायत भवन वर्तमान में बनगवां के सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। भवन के नजदीक ही दो कबाड़ हुई कचरा गाड़ियां खड़ी हुई है। ग्रामीण संतोष शर्मा एडवोकेट, रघुवीर पटेल, गोरे लाल आदि ने बताया कि इस बिल्डिंग परिसर में लंबे समय से कभी साफ सफाई नहीं हुई। जिससे केंद्र प्रदेश सरकार के स्वच्छता अभियान यहां मजाक साबित हो रहा है। कमोवेश यही हालात ग्राम पंचायत बिरहोली पंचायत भवन के बने हुए हैं।




जानकारों का मानना है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों, कुओं और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की योजना बनाई जानी थी।ताकि आने वाले समय में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के चलते यह पहल जमीन पर उतरती नजर नहीं आ रही।

#### कार्ययोजना नहीं बनाई तो होगी कार्रवाई

गुरुवार से अभियान की जनपद पंचायत स्तर पर शुरूआत भी होना थी। अगर जनपद पंचायत सांची के मानपुर, बनगवां और बिरहोली ग्राम पंचायत पर कार्य योजना नहीं बनाई तो सरपंच-सचिवों पर कार्रवाई की जाएगी। **- कमल सोलंकी**, सीईओ, जिपं रायसेन।

---

## खून से लाल हुआ रिश्ता : चाय के विवाद में देवर बना हैवान, भाभी की बेरहमी से हत्या

### पुलिस ने आरोपी को चंद घंटों में ही घर से किया गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

#### सलामतपुर थाना क्षेत्र के खोहा गांव की घटना

रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। गुरुवार सुबह सलामतपुर थाना क्षेत्र के खोहा गांव में एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जब देवर ने अपनी ही भाभी को मौत के घाट उतार दिया।


आरोपी

जानकारी के अनुसार, खोहा गांव निवासी खेमचंद मालवीय सुबह खेत पर काम के लिए गया था। घर पर पत्नी पूजा मालवीय (32) अपने 8 वर्षीय बेटे ऋतिक के साथ मौजूद थीं। सुबह करीब साढ़े 9 बजे पूजा खाना बना रही थीं, तभी देवर रामू मालवीय (27) वहां पहुंचा और चाय बनाने को कहा। लेकिन पूजा ने किसी कारणवश चाय बनाने से मना कर दिया। बस, इसी बात पर रामू का गुस्सा बेकाबू हो गया और उसने अपनी भाभी पूजा पर डंडा से बेरहमी से वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई।

वारदात के बाद आरोपी घर से बाहर निकला, जहां उसके बड़े भाई गणेशराम ने उसे खून से सना देखा। पूछने पर उसने ठंडे लहजे में कहा—"मैंने भाभी को मार डाला" और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को सांची सिविल अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी रामू को भी गिरफ्तार कर लिया है।

#### खाना ना देने की बात गुजरी नागवार

खोहा गांव में रहने वाले किशनलाल के 5 लड़के हैं। हत्यारा रामू सभी भाइयों में सबसे छोटा है। पांचों भाई गांव में ही अलग अलग घरों में रहकर खेती करते हैं। आरोपी रामू की शादी अभी नही हुई थी। वह प्रतिदिन किसी भी भाई के घर खाना खा लेता था। गुरुवार को वह अपने तीसरे नंबर के भाई खेमचंद के घर खाना खाने पहुंचा था। सुबह आरोपी का भाई खेत पर गया था। और भाभी पूजा रोटी खाना बना रही थीं। देवर रामू ने भाभी से चाय वगैरह मांगी। भाभी ने मना किया तो यह बात उसको नागवार गुजरी और उसने डंडे से पीट पीट कर भाभी की हत्या कर दी।

#### हत्या का मर्ग किया दर्ज

ग्राम खोहा में देवर ने अपनी भाभी की डंडे से सिर पर वार कर के हत्या कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी हो गई। उसे कोर्ट में पेश करेंगे। **- दिनेश सिंह रघुवंशी**, थाना प्रभारी सलामतपुर।

---

## जिले के बाड़ी क्षेत्र का मामला, पुलिस ने प्रकरण किया दर्ज

अनहोनी : मृतक का सिर धर से हुआ अलग

# फसल निकालते समय थ्रेसर में फंसकर व्यक्ति की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील बाड़ी क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एक हृदय विदारक हादसा सामने आया। एक थ्रेसर मालिक किसान की फसल निकालने के दौरान थ्रेसर में बुरी तरह फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थ्रेसर मालिक 46 वर्षीय नर्मदा कहार पिता छुट्टन कहार ठेके से खेत में थ्रेसर से फसल निकाल रहा था, तभी गले में डला गमछा अचानक मशीन में फंस गया। देखते ही देखते गमछा के साथ नर्मदा कहार का हाथ और फिर सिर थ्रेसर की घूमती व्हील में बुरी तरह उलझ गया। थ्रेसर में हाथ फंसने से बुरी तरह हड्डिया टूट गई, वहीं सिर भी मशीन में पिसकर धड़ से अलग हो गया। घटना इतनी भयावह थी कि मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद खेत में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों को सूचना दी गई।



थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर लिया है।

---

## खबर संक्षेप

### माता को अर्पित होगी 1051 फीट लंबी चुनरी

**सिलवानी।** चैत्र नवरात्रि का आगाज होते ही देवी मंदिरो में माता के जयकारे गूंजने लगे हैं। इसी कड़ी में तहसील के सियरमऊ ग्राम में नवरात्रि की पंचमी तिथि को विराट चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। चुनरी यात्रा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रभात नामदेव ने बताया बताया कि पंचमी तिथि सोमवार को ग्राम में सियरमऊ में चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। 1051 फिट लंबी चुनरी मातारानी को अर्पित की जाएगी। चुनरी यात्रा ग्राम के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई पुरानाखेड़ा स्थित माता मंदिर पहुंचेगी जहां कि चुनरी माता को अर्पित की जाएगी।

### बालमपुर घाटी पर खाई में गिरने से बचा कंटेनर

**दीवानगंज।** भोपाल–विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी एक बार फिर हादसे का गवाह बनते-बनते रह गई। बुधवार-गुरुवार देर रात कंटेनर क्रमांक सीजी 10 एएफ 0853 विदिशा से भोपाल की ओर लोहे की पटरियां लेकर जा रहा था। जैसे ही कंटेनर बालमपुर घाटी पर चढ़ाई कर रहा था, अचानक अनियंत्रित होकर पीछे की ओर रिवर्स होने लगा और खाई की तरफ बढ़ गया।

---

# सिरवारा बीट वन कटाई जमीन माफिया के लिए बनी स्वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

1980 में जंगल में अमराई योजना का शुभारंभ हुआ, जिसमें राज्य सरकार ने करोड़ों रुपए दिए। तत्कालीन वनमंत्री, तत्कालीन विभागीय अधिकारी ने प्रोजेक्ट को जमीन पर तैयार किया। ग्राम सिरवारा में एक प्रोजेक्ट बनाया गया 30 गरीबों को जमीन से बेदखल किया गया। करोड़ों रुपए के फलदार वृक्ष इस भूमि पर लगाए गए एक भी वृक्ष है या नहीं सुरक्षा गार्ड रखरखाव के नाम पर अनेक कर्मचारी नियुक्त है जो भारी भरकम बजट फर्जी ढंग से खर्च किया जा रहा है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय में संबंधित जानकारी वन मंडल अधिकारी ओबैदुल्लागंज को सूचना अधिकार का विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर संबंधित विभाग ने संबंधित वन परीक्षित अधिकारी को जानकारी देने को कहा गया पर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने अमराई रकवा खसरा नंबर भूमि का 60 एकड़ का क्षेत्रफल का रिकॉर्ड विभाग के पास मौजूद नहीं है। इससे यह प्रतीत होता है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी जान बूझकर जानकारी को छुपाना चाहते हैं जबकि उक्त जानकारी वन परिक्षेत्र के आधीन है।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा चाही गई जानकारी का रिकॉर्ड कार्यालय में नहीं है। बीट गार्ड के प्रतिवेदन के अनुसार अमराई जमीन पर कोई अतिक्रमण और कब्जा नहीं है। **जितेंद्र तोमर**, वन परिक्षेत्र अधिकारी बाड़ी।

---

#### जिपं सीईओ ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों के संबंध में की चर्चा

## अप्रैल में आयोजित होगा वृहद स्तरीय कृषि महोत्सव प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन स्थित दशहरा मैदान में आगामी अप्रैल माह में दिनांक 11, 12 तथा 13 अप्रैल को वृहद स्तरीय कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी द्वारा गुरूवार को दशहरा मैदान पहुंचकर कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन हेतु तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने दशहरा मैदान में भ्रमण कर मंच स्थल, बैठक व्यवस्था, स्टॉल लगाए जाने हेतु स्थल, पार्किंग व्यवस्था, आवागम-निर्गमन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



इस अवसर पर एएसपी कमलेश कुमार, एसडीएम मनीष शर्मा सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री पटेल ने झंडी दिखा कर किया रवाना

# हिन्दू नववर्ष पर सनातनियों ने निकाली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि पर सकल हिन्दू समाज के द्वारा थाना मैदान में एकत्रित हो कर दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। बाईक रैली को केसरिया झंडी दिखा कर क्षेत्र के विधायक सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल द्वारा रवाना किया गया।

नववर्ष मनाने हिन्दू सनातनी लोगों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। सकल हिन्दू समाज के लोग युवा अपने-अपने दो पहिया वाहन और केसरिया ध्वज पताका लगाकर काली मंदिर के पीछे थाना मैदान में एकत्रित हुए। सभी के द्वारा एक-दूसरे को हिन्दु नव वर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी गई।



रामलीला मैदान में समापन- नव वर्ष, नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में सकल हिन्दु समाज के द्वारा निकाली गई वाहन रैली में नगर की प्रमुख सडक़ों बाजारों का भ्रमण कर सनातन पर्व त्यौहार और हिन्दु नव वर्ष मनाने का संदेश दिया गया। रैली का समापन रामलीला मैदान प्रांगण में हुआ। वाहन रैली में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल, हिन्दु उत्सव समिति सहित भाजपा के कार्य कर्ताओं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## जिलेभर में नववर्ष विक्रम संवत 2083 का उत्साह के साथ किया स्वागत

**रायसेन।** गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही नववर्ष विक्रम संवत 2083 का स्वागत जिलेभर में उत्साह और श्रद्धा के साथ किया। वर्ष प्रतिपदा एवं गुड़ी पड़वा पर "विक्रमोत्सव 2026" के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, जिपं सीईओ कमल सोलंकी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सूर्य देव की आराधना की गई। सभी ने मिलकर नववर्ष का स्वागत करते हुए एक-दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दीं।

